प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 137/**2025** (अपील सूचना का अधिकार)

Dali Bai Add: Village and post Bujda, Tehsil Girwa, Udaipur

..............**अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशा.), उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 28/04/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329159760888524 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 17.08.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/137/25/840–41 दिनांक 18.08.2025 तथा ऑनलाईन पत्र क्रमांक 9983322841 दिनांक 18.08.2025 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा दिनांक 15.09.2025 को उपस्थित होकर परिकथन किया गया है कि लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशा.), उदयपुर द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है, अतः प्रत्यर्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु निर्देशित करावे।

लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशा.) उदयपुर द्वारा जरिये पत्र क्रमांक प.41/2/सू.अ/प्र.स./137/25/1003 दिनांक 13.10.2025 से प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए न्यायालय को अवगत कराया कि प्रार्थीया डाली बाई द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। आवेदन पत्र में वर्णितानुसार प्रार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना का संबंध तहसीलदार गिर्वा से होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक 838–40 दिनांक 25.08.2025 द्वारा उक्त कार्यालय को अंतरित कर दिया गया एवं उक्त अंतरण के संबंध में प्रार्थी को भी सूचित किया जा चुका है। उक्त कार्यालय द्वारा पत्रांक 1347 दिनांक 19.09.2025 से वांछित सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। अतः प्रथम अपील निस्तारित करने का श्रम करावें।

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.28 13:13:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21846217
M e-Sign

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी के आवेदन पत्र दिनांक 17.08.2025 का संबंध तहसीलदार गिर्वा से होने से जरिये पत्रांक 838–40 दिनांक 25.08.2025 से तहसीलदार गिर्वा को अंतरण किया गया। तहसीलदार गिर्वा द्वारा जरिये पत्रांक 1347 दिनांक 19.09.2025 द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के तहत प्रस्तु प्रथम अपील खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.:
21846217
M e-Sign

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.2[illegible] 13:13:38 IST
Reason: Approved